जिले के तराई क्षेत्र में अलर्ट हुई पुलिस

मारकुंडी के जंगल में फिर सामने आई चरवाहे पर हमला कर बकरियां लूटने की घटना

नवभारत न्यूज

सतना 21 दिसंबर, जिले की सीमा से सटे उप्र के मारकुंडी के जंगल में चरवाहे पर हमला कर बकरियां लूट लिए जाने की हालिया सामने आई घटना के बाद जिले के तराई क्षेत्र में पुलिस ने अलर्ट मोड में सर्चिंग अभियान शुरू कर दिया है।

मध्यप्रदेश के सीमा क्षेत्र से सटे उत्तरप्रदेश के मारकुंडी थाना क्षेत्र के कुसमुही के जंगल से चरवाहों को जंगल मे बांधकर 26 बकरी लूट लिए जाने की घटना सामने आई। इसके साथ ही चरवाहों पर

कुल्हाडी से हमला कर किया घायल जैसे गंभीर घटना ने कानून व्यवस्था को लेकर चुनौती खड़ी कर दी। सूचना पर मौके पर पहुंची मारकुंडी पुलिस ने चरवाहों को खोजकर अस्पताल पहुंचाया। इधर मारकुण्डी पुलिस की सूचना पर चित्रकूट अनुभाग की पुलिस अलर्ट हो गई। जिसके चलते बरौंधा, चित्रकूट, मझगवां, धारकुण्डी का पुलिस बल बार्डर एरिये की सर्चिंग में जुट गया। उत्तरप्रदेश से मध्यप्रदेश के जोड़ने वाले हिस्से पर एक्टिव होते हुए चित्रकूट अनुभाग की पुलिस द्वारा तमाम एरिये में सर्चिंग की जा रही है।

मझगवां थाना प्रभारी आदित्य नारायण धुर्वे और धारकुण्डी थाना प्रभारी शैलेंद्र पटेल द्वारा पुलिस टीम के साथ कल्याणपुर की सीमाई क्षेत्र में सघन सर्चिंग की गई।

ढाई किलो गांजे के साथ 3 धराए

प्रशिक्षु डीएसपी ने कोठी में की कार्रवाई

नवभारत न्यूज

सतना 21 दिसंबर. कोठी थाना प्रभारी व प्रशिक्षु डीएसपी आशुतोष त्यागी ने पुलिस टीम के साथ कार्रवाई करते हुए 2.7 किलो गांजे के साथ 3 आरोपियों को दबोच लिया.

मुखबिर के जरिए सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने कोठी सिंहपुर रोड पर बडौर के निकट पहुंचकर दबिश दी. जहां पर तीन संदिग्ध दिखाई दिए. जिसमें से एक संदिग्ध भाग निकलने में सफल हो गया जबकि 2 लोगों को पुलिस ने दबोच लिया. पकड़े गए संदिग्धों की पहचान सतेंद्र सिंह पिता उदयराज उम्र 48 निवासी पवैया और संदी सिंह उर्फ

गोरे पिता राजेश उम्र 46 निवासी गोरइया के तौर पर हुई. वहीं तलाशी लिए जाने पर उनके पास से 1 किलो 100 ग्राम गांजा बरामद किया गया.

इसी तरह की एक अन्य कार्रवाई में पुलिस टीम ने मौहार निवासी संतोष मिश्रा उर्फ ददन पिता रामकिशोर उम्र 50 वर्ष के घर में दबिश दी गई. जहां पर घर के पीछे 1 किलो 573 ग्राम गांजा पाया गया. पुलिस द्वारा जब्त किए गए कुल गांजे की कीमत 26 हजार 370 रु आंकी गई. पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए जहां 3 आरोपियों को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया गया. वहीं फरार आरोपी की सरगर्मी से तलाश की जा रही है.

मोटरसाइकिल को बचाने के चक्कर में पलटा तेज रफ्तार पिकअप वाहन

एक ही परिवार के 20 से ज्यादा लोग घायल, अस्पताल में उपचार जारी, मैहर के भदनपुर के निकट हुई घटना

नवभारत न्यूज

सतना 21 दिसंबर, मैहर जिले में रविवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया, जिसने एक खुशहाल परिवार की खुशियों को मातम में बदल दिया। बदेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भदनपुर के पास तेज रफ्तार पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया।

हादसे में एक ही परिवार के 20 से अधिक लोग घायल हो गए। इनमें महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे भी शामिल हैं। दुर्घटना की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कई लोग पिकअप के नीचे दब गए और सड़क पर चीख-पुकार मच गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बराखुर्द निवासी साकेत परिवार के सदस्य एक पारिवारिक 'बारहों' कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पिकअप वाहन से गए थे। कार्यक्रम संपन्न होने के बाद रविवार दोपहर सभी लोग पिकअप से अपने गांव लौट रहे थे। पिकअप में क्षमता से अधिक लोग सवार थे, लेकिन किसी ने अंदाजा नहीं लगाया था कि यह लापरवाही इतनी बड़ी दुर्घटना का कारण बन जाएगी। बताया गया कि जैसे ही पिकअप ग्राम भदनपुर के पास पहुंचा, सामने से अचानक एक दोपहिया वाहन आ गया। मोटरसाइकल सवार को बचाने के प्रयास में पिकअप चालक ने तेज मोड़ लिया, जिससे वाहन का संतुलन बिगड़ गया। तेज रफ्तार के कारण पिकअप सड़क पर पलटती चली गई और किनारे जा

गिरी। पलटते ही वाहन में सवार लोग इधर-उधर जा गिरे। हादसे के बाद कुछ लोग पिकअप के नीचे दब गए, जबकि कई लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर चीख-पुकार और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हादसे के कारण कुछ समय के लिए सड़क पर यातायात भी बाधित रहा। आसपास के लोग दौड़ते हुए घटनास्थल पर पहुंचे। स्थानीय ग्रामीणों ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए तुरंत राहत कार्य शुरू किया। ग्रामीणों ने पिकअप को हटाकर नीचे दबे घायलों को बाहर निकाला। कई घायलों की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें निजी वाहनों और एंबुलेंस की मदद से मैहर सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। ग्रामीणों की तत्परता से कई जिंदगियां बच सकीं। घटना की सूचना मिलते ही बदेरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार, वाहन में क्षमता से अधिक सवारियां और लापरवाही को हादसे का कारण माना जा रहा है।

गंभीर घायल सतना और रीवा रेफर

मैहर सिविल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने 8 घायलों की हालत गंभीर बताई। इनमें से 5 घायलों को बेहतर इलाज के लिए सतना और रीवा रेफर किया गया, जबकि 3 घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया है। शेष घायलों का इलाज मैहर सिविल अस्पताल में जारी है। डॉक्टरों के अनुसार कई घायलों को सिर, हाथ और पैर में गंभीर चोटें आई हैं।हादसे में घायल लोगों में विमल साकेत (28), चांदनी साकेत (16), सरोज साकेत (32), राजसमंद साकेत (13), दिनेश साकेत (35), रवि (22), भैयालाल (40), संतलाल (55), मुन्नीलाल (55), रानी (18), लक्ष्मी (20), रेखा (22), सुखमणि (44), संतलाल (23), अमित (35), सुमन (23), सुमन (35), सोनम साकेत (7), अभिषेक साकेत (18) और रेखा साकेत (18) शामिल हैं।

राज्यमंत्री ने जरूरतमंदों को वितरित किये कंबल

नवभारत न्यूज

सतना 21 दिसम्बर, नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने रविवार को रैगांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत दीन सहायक संस्था कोठी में आयोजित कम्बल वितरण समारोह में शामिल होकर जरूरतमंदों को कंबल का वितरण किया।

इस दौरान राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने सार्वजनिक सुलभ काम्पलेक्स का विधिवत भूमिपूजन भी किया। राज्यमंत्री ने कहा कि सेवा, संवेदना और जनकल्याण के ऐसे कार्य समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सुविधायें पहुंचाने का सशक्त माध्यम हैं, जनसेवा ही हमारा संकल्प है। इस अवसर पर महापौर योगेश ताम्रकार, डीआरआई के संगठन सचिव अभय महाजन सहित बडी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

जिले के सभी थानों में साप्ताहिक हार्टफुलनेस ध्यान सत्र का शुभारंभ

पुलिस मुख्यालय एवं हार्टफुलनेस संस्था के संयुक्त तत्वावधान में विश्व ध्यान दिवस पर शुरू हुई अभिनव पहल

नवभारत न्यूज

सतना 21 दिसंबर, पुलिस जवानों को तनामुक्त करने, मानसिक स्वास्थ्य बेहतर करने,कार्य क्षमता में वृद्धि करने के उद्देश्य से "विश्व ध्यान दिवस" के अवसर पर समस्त थानों में साप्ताहिक ध्यान शुरू करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह के मार्गदर्शन में "विश्व ध्यान दिवस" के अवसर पर पुलिस लाइन सहित जिले के समस्त थानों एवं पुलिस चौकियों में

साप्ताहिक ध्यान की शुरुआत की गई। कार्यक्रम जूम लिंक के माध्यम से पुलिस मुख्यालय एवं हार्टफुलनेश संस्था कान्हा शांति वनम हैदराबाद तेलंगाना से लाइव प्रसारित किया गया । हर वर्ष 21 दिसंबर को विश्वभर में विश्व ध्यान दिवस मनाया जाता है,जो मानव जीवन में मानसिक शांति, आत्म-जागरूकता और ध्यान की प्राचीन परंपराओं को सम्मानित करता है। यह दिन न केवल ध्यान के लाभों को उजागर करता है, बल्कि यह भी याद दिलाता है कि मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य की ओर ध्यान केंद्रित करना है। मध्य प्रदेश पुलिस ने विश्व ध्यान दिवस 2025 के अवसर पर अपने सभी थानों में साप्ताहिक ध्यान की शुरुआत की है।

इस पहल का उद्देश्य पुलिसकर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन और समग्र कल्याण को सुदृढ़ करना है। पुलिस लाईन में अयोजित कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक देहात प्रेमलाल कुर्वे, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय मनोज दीक्षित, सीएसपी देवेंद्र प्रताप सिंह, रक्षित निरीक्षक श्रीमती देविका सिंह बघेल सहित जिला स्तरीय हार्टफेलनेश टीम सम्मिलित रही।

ठंड में ननि कर्मियों ने की गर्म ट्रैक सूट की मांग

सतना 21 दिसंबर. इन दिनों जारी हाड़ कंपाऊ जाड़े में नकिन कर्मियों को अल सुबह अथवा रात में शहर में सफाई कार्या करने के लिए निकलना पड़ता है. लेकिन शहर को साफ-सुथरा बनाने में लगे इन कर्मचारियों का स्वास्थ्य जबरदस्त ठंड के चलते प्रभावित हो रहा है. जिसे देखते हुए अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष राजू भारती द्वारा ठंड के मौसम में कर्मचारियों को गर्म ट्रैक सूट प्रदान किए जाने की मांग की गई है. राजू भारती के अनुसार कर्मचारियों के लिए गर्म ट्रैक सूट की मांग के साथ-साथ श्रम मंत्रालय के आदेश के अनुसार श्रमिक कर्मचारियों का वेतन, फील्ड में कार्यरत कर्मचारियों का रजिस्टर में अटेंडेंस जैसी मांगों को लेकर निगमायुक्त को ज्ञापन सौंपा जाएगा.

एक नजर में

राज्यमंत्री ने किया धान खरीदी केन्द्र का शुभारंभ

सतना, नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने रविवार को रैगांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम वसुधा में बनाये गये नये धान खरीदी केन्द्र का शुभारंभ किया। राज्यमंत्री ने कहा कि खरीदी केन्द्र के शुभारंभ से क्षेत्र के किसानों को अपनी उपज बेचने में सुविधा मिलेगी। समय और संसाधनों की बचत होगी तथा उन्हें उनके परिश्रम का उचित मूल्य प्राप्त हो सकेगा। किसान हित में यह पहल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। राज्यमंत्री ने कहा कि किसानों के हित, ग्रामीण विकास और क्षेत्र की प्रगति के लिए हमारी प्रतिबद्धता लगातार जारी है। इस दौरान राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने रैगांव के पूर्व विधायक स्व. जुगलकिशोर बागरी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी सहित कृषकगण उपस्थित रहे।

कंबल वितरण एवं सम्मान समारोह आयोजित

सतना, मध्यप्रदेश अग्रवाल महासभा प्रदेश अध्यक्ष कैलाश मित्तल की मंशानुसार प्रदेश महामंत्री सविता अग्रवाल की उपस्थिति में,कड़ाके की ठंड को देखते हुए महासभा के जिला अध्यक्ष विष्णु अग्रवाल एवं महिला जिला अध्यक्ष सीमा अग्रवाल के नेतृत्व में कंबल वितरण एवं सम्मान समारोह का आयोजन जिला अस्पताल सतना में संपन्न हुआ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सतना महापौर योगेश ताम्रकार जी विशिष्ट अतिथि अग्रवाल नव युवक मंडल अध्यक्ष अशोक अग्रवाल एवं अध्यक्षता सीताराम (रामू)अग्रवाल व्दारा की गई*सतना जिला अस्पताल के सेवा संकल्प में मरीजों को भोजन कराने के दौरान राजकुमार (राजू तिरपाल वाले) धवारीव्दारा राज भोग की व्यवस्था की गई।

राष्ट्रीय साहित्य विक्रय केंद्र का भव्य शुभारंभ

सतना, 12वें विंध्य व्यापार मेले के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रचार विभाग के साहित्य प्रसार आयाम, जिला सतना द्वारा राष्ट्रीय साहित्य विक्रय केंद्र का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर प्रांत कार्यवाह उत्तम बनर्जी, क्षेत्र प्रचार प्रमुख कैलाश चंद्र, जिला संघ चालक रामबेटा कुशवाहा, नगर संघ चालक कृष्णकुमार गुप्ता ने भारत माता के चित्र के समक्ष पुष्पार्चन कर विक्रय केंद्र का उद्घाटन किया। उद्घाटन अवसर पर क्षेत्र प्रचार प्रमुख कैलाश चंद्र जी ने साहित्य स्टॉल का अवलोकन करते हुए पुस्तकों का क्रय कर साहित्य प्रसार के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम राष्ट्रवादी विचारधारा, धार्मिक, समसमायिक विषयों सहित साहित्य के प्रचार-प्रसार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में संपन्न होगा। यह 12वां विंध्य व्यापार मेला 19 दिसंबर से 30 दिसंबर तक बी.टी.आई. मैदान में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें राष्ट्रीय साहित्य विक्रय केंद्र एफ - 22 आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

सम्मान समारोह में 40 पेशनरों को सम्मानित किया गया

नवभारत न्यूज

सतना 21 दिसम्बर, प्रोग्रेसिव पेन्शनर्स एसोसियेशन मध्य प्रदेश जिला इकाई सतना द्वारा पेन्शर्स मणि सम्मान समारोह आज दिनांक 21 दिसम्बर 2025 दिन रविवार को आयोजित किया गया है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के.के. पयासी से.नि. मुख्य अभियंता पीएचई म.प्र. भोपाल एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. पी.पी. पाण्डेय से.नि. प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय एवं विशिष्ट अतिथि आर.एस. त्रिपाठी, जी.पी पाठक अमरपाटन, कमलनयन सिंह रहें। सम्मान समारोह में पेशनर रामकृष्ण गर्ग, एम.पी. मिश्रा, श्रीमती उर्मिला जैन, विजय बहादुर सिंह, मोतीमन सिंह, डी.एस. सिंह, शुभकरण सिंह तिवारी, आर.एस.त्रिपाठी, आर. पी. मिश्रा, रामसुहावन द्विवेदी, रामकृपाल द्विवेदी, वशिष्ठ पाण्डेय, कृष्णकुमार

गर्ग, सुंदरलाल तिवारी, रामनरेश पाण्डेय, रामहित गर्ग, बैजनाथ पटेल, गया प्रसाद मिश्रा, के.एल. रूसिया, बलदेवपाल बख्शी, श्रीमती कुमुमलता मिश्रा, श्रीमती चन्द्रकान्ता गुप्ता, श्रीमती सावित्री जायसवाल, बाबूलाल पाण्डेय, मथुरा प्रसाद त्रिपाठी, प्रमोद कुमार शुक्ला सहित कुल 40 पेशनरों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि के. के. पयासी जी ने अपने सारगर्भित उद्बोधन मे योग एवं ध्यान की विस्तृत व्याख्या की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पी.पी. पाण्डेय ने पेशनरों को संगठित होने की सलाह दी। सभा को सभी विशिष्ट अतिथियों ने संबोधित किया। जिलाध्यक्ष श्रीश पाण्डेय द्वारा प्रगति प्रतिवेदन एवं आभार प्रदर्शन किया गया। संचालन राजललन पाण्डेय द्वारा किया गया, आभार प्रदर्शन कोषाध्यक्ष कमलेश कचेर द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में नितेश सिंह, गिरीश गर्ग, डी.के. पाण्डेय, मथुरा द्विवेदी आदि का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम में काफी संख्या में पेशनर उपस्थित रहें।

एकेएस में एमसीए विद्यार्थियों के लिए विशेषज्ञ संवाद सत्र आयोजित

नवभारत न्यूज

सतना 21 दिसंबर, एकेएस विश्वविद्यालय, सतना में एमसीए विद्यार्थियों के लिए सतना स्मार्ट सिटी इन्क्युबेशन सेंटर के सहयोग से एक संवादात्मक विशेषज्ञ सत्र का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम कंप्यूटर विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को उद्योग जगत से जोड़ते हुए व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना रहा। कार्यक्रम में स्टार्टअप विशेषज्ञ संजना सिंह तथा सतना स्मार्ट सिटी के परियोजना प्रबंधक शांतनु सिंह परिहार ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने सतना स्मार्ट सिटी इन्क्युबेशन सेंटर की भूमिका, उसकी विभिन्न पहलें तथा एमसीए

विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध प्रशिक्षण और प्रशिक्षण-कार्य (इंटर्नशिप) अवसरों की विस्तृत जानकारी दी। वक्ताओं ने बताया कि इन अवसरों के माध्यम से विद्यार्थी उद्योग आधारित अनुभव प्राप्त कर अपने भविष्य को सशक्त बना सकते हैं। विशेषज्ञ सत्र के दौरान विद्यार्थियों को इन्क्युबेशन परिवेश के अंतर्गत उपलब्ध कौशल उन्नयन कार्यक्रमों एवं उद्यमिता आधारित पहलों से अवगत कराया गया। इसी क्रम में 'क्लिफ एआई' नामक कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित उपकरण का परिचय भी कराया गया, जो विद्यार्थियों की करियर तैयारी, संवाद कौशल तथा समग्र व्यावसायिक विकास को सुदृढ़ करने में सहायक सिद्ध हो रहा है।

शहरवासियों में चढ़ने लगा विन्ध्य व्यापार मेले का रंग, रविवार को जुड़ी खासी भीड़

नवभारत न्यूज

सतना 21 दिसंबर, विन्ध्य चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज सतना द्वारा आयोजित 12 वें 11 दिवसीय विन्ध्य व्यापार मेले के तीसरे दिन अतिथि के रूप मे पधारे चित्रकूट सुरेन्द्र सिंह गहरवार ने कहा ने कहा कि विन्ध्य व्यापार मेला ग्वालियर, उज्जैन मेले से भी से भी ज्यादा प्रगतिषील है।

मेला और अच्छा बनाने मे किसी भी तरह सहयोग होगा जिसके लिए मैं तत्पर्य हूं साथ ही कहा कि व्यापार मेला का स्तर गांवो तक बढ़ने से यहां का भी व्यापार प्रगति करेगा। चेम्बर महामंत्री संदीप कुमार जैन ने बताया कि व्यापार मेले के रंग हर गुजरते दिन के साथ बढ़ता जा रहा है जहां एक ओर स्टॉल धारकों ने स्टॉल को भव्यता देने में लगे है वही मेला कार्य समिति नित्य नये प्रयोग कर मेला का आर्कषक बना रही है। साथ ही बताया कि सांस्कृतिक मंचीय विन्ध्य संस्कृति संगम (सर्व समाज) द्वारा शानदार प्रस्तुतिया दी गई। स्वागत समिति के संयोजक हिमांषु अरोरा ने बताया कि रविवार को चित्रकूट के विधायक सुरेन्द्र सिंह गहरवार, रामपुर बाघेलान के विधायक विक्रम सिंह, अमरपाटन के पूर्व विधायक रामखेलावन पटेल, चेम्बर के पूर्व अध्यक्ष द्वारिका गुप्ता, पूर्व महामंत्री ऋषि अग्रवाल, क्लाथ मर्चेन्ट एसो. के

अध्यक्ष फेरूमल तोलवानी, गल्ला तिलहन व्यापारी संघ के अध्यक्ष, पुष्पेन्द्र द्विवेदी, सतना डिस्ट्रिक डिस्ट्रीब्यटर्स के अध्यक्ष दीपक अग्रवाल, इलेक्ट्रिकल मर्चेन्ट एसो. के अध्यक्ष, कमल मंघनानी, टिम्बर मर्चेन्ट एसो. के अध्यक्ष लखन पटेल हिन्दू पर्व समिति के मणिकान्त माहेष्वरी, डॉ. सुनील अग्रवाल, डॉ राकेष अग्रवाल, विपुल हाण्डा, नगर पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र प्रताप सिंह, कोलगवां टी.आई कुलदीप सोनी अतिथि के रूप मे पधारे कार्यक्रम की अध्यक्षता चेम्बर अध्यक्ष सतीष सुखेजा ने की एवं सभी अतिथियों का स्वागत किया।

विद्युत व्यवस्था प्रभारी हीरामणि जायसवाल ने बताया कि पूरे मेले मे बिजली की गैर बाधित सप्लाई के लिए जनरेटर की पूरी व्यवस्था की गई है।

इनकी रही विशेष उपस्थिति

इस अवसर पर चित्रकूट के विधायक सुरेन्द्र सिंह गहरवार, रामपुर बाघेलान के विधायक विक्रम सिंह ''विक्की'', चित्रकूट के विधायक सुरेन्द्र सिंह गहरवार, चेम्बर अध्यक्ष सतीश सुखेजा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोहर वाधवानी, कनिष्ठ उपाध्यक्ष दीपक अग्रवाल, महामंत्री संदीप जैन, मंत्री हरिओम गुप्ता, सहमंत्री कमल कुमार पुरूस्वानी, कोषाध्यक्ष अमित अग्रवाल कार्यकारिणी सदस्य हिमांशु सिंह अरोरा, दिलीप सोनी, अग्रवाल राकेश 'रिन्कू', अनिल कुमार मोटवानी, संदीप कुमार गुप्ता, विनोद गुप्ता, चन्द्रभान दासानी, रोहित अग्रवाल ''लोहा'', मनीष अग्रवाल, विपिन आर त्रिपाठी, संदीप चमड़िया, लक्ष्मीचंद्र पुरस्वानी, सुरेश बाषाणी, केशव माखीजा, विकास सुखेजा, विषेष आमंत्रित सदस्य संजय वाधवानी, पूर्व अध्यक्ष द्वारिका गुप्ता, पूर्व महामंत्री ऋषि अग्रवाल, पुष्पेन्द्र द्विवेदी, जेठानन्द वाधवानी, रामचरण गुप्ता, रामावतार चमड़िया, रमेष जैन, लखन केषरवानी, विपुल हाण्डा, विनोद गर्ग, श्रीकांत गांधी, नरेन्द्र त्रिपाठी पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा, आशीष गोयल, अषोक ताम्रकार, विष्वनाथ गुप्ता सहित सैकड़ो की संख्या मे लोग उपस्थित रहे।